न्यायालय - सिविल जज जूनियर डिवीजन / न्यायिक मजिस्ट्रेट, अल्मोडा
पीठासीन - उदिशा सिंह
मामला संख्या : फौजदारी वाद**/96/2024**
सीएनआर संख्या : **UKAL020001092024**
राज्य बनाम कुसुम चौधरी यादव व अन्य।
ए० पी० आ ़े० अधिवक्ता / श्री विनोद फुलारा अधिवक्ता

| आज की तिथि | आदेश पत्रक |
|---|---|
| 18-08-2026 | पत्रावली पेश। पुकार करायी गयी। अभियोजन की ओर से विद्वान सहायक लोक अभियोजक अधिकारी शिखा श्रीवास्तव न्यायालय उपस्थित। अभियुक्ता कुसुम चैधरी की हाजिरी माफी प्रार्थना पत्र कागज संख्या 107ख/1 जरिये विद्वान अधिवक्ता श्री विनोद फुलारा व अभियुक्तगण एवी प्रेमनाथ व आशा यादव की हाजिरी माफी प्रार्थना पत्र कागज संख्या 107ख/2 जरिये विद्वान अधिवक्ता श्री बी.एस. मियान द्वारा पेश। सुना एवं स्वीकृत। आज की तिथि जिरह अभियोजन साक्षी पी0डब्ल्यू0 1 हेतु नियत है। अभियोजन साक्षी न्यायालय उपस्थित नही हैं। अभियोजन की ओर से सहायक अभियोजन अधिकारी द्वारा स्थगन प्रार्थना पत्र कागज संख्या 108ख/1 मय समन प्रस्तुत कर कथन किया गया है कि गवाह निरीक्षक श्याम सिंह रावत को समन जारी किया गया हैं, गवाह द्वारा अपने दूरभाष नंबर द्वारा बताया गया कि पुत्र का स्वास्थ्य खराब होने के कारण अवकाश में हैं जिस कारण मा0 न्यायालय उपस्थित नही हैं। निवेदन हैं कि उक्त वाद में साक्ष्य हेतु अग्रिम तिथि प्रदान करने की कृपा कीजिएगा। सुना। स्थगन प्रार्थना पत्र स्वीकृत। उक्त अभियोजन साक्षी को पुनः समन जारी हो। पत्रावली दिनांक 14.09.2026 को जिरह अभियोजन साक्षी पी0डब्ल्यू0 1 हेतु पेश हो।<br><br>मामला जिरह के लिए स्थगित<br>अगली नियत तिथि : 14-09-2026<br><br>सिविल जज जूनियर डिवीजन / न्यायिक मजिस्ट्रेट |